प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- अंतर्राष्ट्रीय नषामुक्ति दिवस आज–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नषामुक्त भारत पखवाडा मनाने के लिए एनसीबी की सराहना की।
- सी बी एस ई की दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं अगले साल से दो चरणों में आयोजित की जायेंगी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जोधपुर दौरे पर–संभाग स्तरीय लोकतंत्र सेनानी समारोह में षिरकत करेंगें।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बरसात जारी–किसानों ने खरीफ की बुवाई शुरू की।

..........................

आज अंतर्राष्ट्रीय नषामुक्ति दिवस है। ये दिन मादक पदार्थो के उपयोग और उनकी अवैध तस्करी के विरोध में मनाया जाता है। यह दिवस मादक पदार्थ मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्रवाई और सहयोग मजबूत करने का आह्वान करता है। इस अवसर पर आज नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" मनाने के लिए मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो –एनसीबी की सराहना की है। इससे पहले श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की एक कडी में नषामुक्ति के समर्थन में देषभर में चलाई जा रही कई पहलों का उल्लेख किया था।

..........................

इस बीच प्रदेष में नषामुक्त पखवाडे के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें नषे की लत छोडने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कई संगोष्ठियां नुक्कड नाटक और अन्य माध्यमों के जरिये लोगों को नषामुक्ति का संदेष दिया जा रहा है।

..........................

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई की दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं अगले साल से दो चरणों में आयोजित की जायेंगी। नये प्रारूप के अनुसार पहली परीक्षा फरवरी में होगी, जो सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। इसके बाद मई में परीक्षा होगी, जो वैकल्पिक होगी। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए होगी जो अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को सुधारने का अवसर मिलेगा।
फरवरी की परीक्षा का परिणाम अप्रैल में और मई में होने वाली परीक्षा का परिणाम जून में आएगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इसकी सराहना करते हुए कहा है कि इससे विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव कम होगा और उनके लिए पढ़ने का एक उत्साहवर्धक माहौल बनेगा। श्री प्रधान ने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की मुख्य सिफारिश थी। साल में दो बार परीक्षाएं आयोजित करना विद्यार्थियों के हित में है, जो वैश्विक शिक्षा पद्धतियों के अनुरूप है।

..........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों से दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित हो रहे षिविरों में अधिक से अधिक भाग लेकर इनका लाभ उठाने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसके माध्यम से समाज के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पंहुच सुनिष्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने आमजन और जनप्रतिनिधियों से जरूरतमंद लोगों को प्रेरित करने की अपील की है।

..........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जोधपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री शर्मा जोधपुर के मारवाड इंटरनेषनल सेंटर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय लोकतंत्र सेनानी समारोह में षिरकत करेंगें। इससे पहले वे आईआईटी जोधपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में भी भाग लेंगे।

..........................

आईआईटी जोधपुर के दीक्षांत समारोह में 1 हजार 224 छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। साथ ही नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत, केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रो. आशुतोष शर्मा और अशोक लीलैंड के पूर्व प्रबंध निदेशक विपिन सोंधी को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्योग में उनके अग्रणी नेतृत्व और योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

.........................

राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विभिन्न जिलों में लोगों को पौधे वितरित किए जा रहे है। इसी कडी में वन विभाग ने जैसलमेर में विभिन्न नर्सरियों में तैयार किये गये करीब 10 लाख पौधों का वितरण शुरू कर दिया है।

.........................

प्रदेश में मॉनसून की बरसात का सिलसिला जारी है। कल राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर बरसात हुई। डूंगरपुर के गलियाकोट देवल और आसपुर में कल शाम अच्छी बारिष के समाचार हैं। वहा आज भी बादल छाये हुए है। सोमकमला आम्बा बांध क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में 5 मिलीमीटर पानी की आवक हुई है। हनुमानगढ में आज सुबह झमाझम बादल बरसे। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया। बरसात के चलते किसानों ने खेतों में धान की रोपाई शुरू कर दी है। करौली और जैसलमेर में कल देरषाम हुई बरसात से मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग ने आज श्रीगंगानगर और हनुमानगढ जिलों तथा आस पास के क्षेत्रों में गरज के साथ बारिष की संभावना जताई है। इन इलाकों में कहीं–कहीं भारी बरसात भी हो सकती है। वहीं सिरोही, बारां और बीकानेर जिलों के आस–पास बारिष का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हल्की बरसात होने और बिजली गिरने की संभावना है।

.........................

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स इस साल नवंबर में जयपुर में आयोजित किए जाएंगे। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि इसमें देषभर के 200 से ज़्यादा विश्वविद्यालयों से 4 हज़ार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि ये खेल खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी गेम्स 25 वर्ष से कम उम्र के एथलीटों के लिए हैं।

.........................

श्रीअमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसकी तैयारियों के सिलसिले में कल सुरक्षा बलों ने बालटाल शिविर पर संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। इस अभ्यास में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने भाग लिया।

.........................